प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ झारखंड समेत छह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत झारखंड की चार सीटों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह पर मतदान होगा। उम्मीदवारों के लिए नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख 6 मई है। धनबाद में एनडीए उम्मीदवार ढुल्लू महतो और इंडी गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने चुनावी पर्चा खरीदा है। नामांकन की जांच 7 तारीख को होगी और नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 9 मई है। इन सीटों पर 25 मई को मतदान होगा जबकि मतगणना 4 जून को होगी। इधर पांचवे चरण की तीन सीटों और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रकिया जारी है।

****

जमशेदपुर संसदीय सीट पर 25 मई को मतदान होगा। इसे लेकर जिला प्रशासन ने मतदाताओं की नई सूची जारी कर दी है। इस साल 22 जनवरी से अब तक इकतीस हजार चार सौ अंठानबे नये मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने आज संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। वहीं वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि चुनाव को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने आज गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए गिरिडीह समाहरणालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बेबी देवी, बादल पत्रलेख, आलमगीर आलम, बसंत सोरेन, मिथलेश ठाकुर, सत्यानंद भोक्ता के अलावा सांसद सरफराज अहमद, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सीपीआई एमएल के विधायक विनोद कुमार सिंह, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू समेत महागठबंधन के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

****

राज्य में लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण के नामांकन के लिए आज चतरा जिला समाहरणालय में सीपीआई के अर्जुन राम ने नामांकन दाखिल किया। वही अब से थोड़ी देर के बाद जे बी के एस एस के प्रत्याशी दीपक गुप्ता नामांकन दाखिल करेंगे।

****

हजारीबाग जिले के मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर झील परिसर से समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांग रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों को हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के लिए 20 मई को मतदान करने की अपील की गई।

****

लोकसभा चुनाव को लेकर सिमडेगा जिले में प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

उच्चतम न्यायालय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की याचिका पर आज सुनवाई के दौरान ईडी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होगी।

****

झारखंड उच्च न्यायालय में आज जमीन घोटला के आरोप में जेल में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त छविरंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान न्यायालय ने सेना के कब्जेवाली जमीन से संबंधित दस्तावेज की ईडी से मांग की। इस मामले की अगली सुनवाई तीन मई को होगी।

****

हटिया–विशाखापट्टनम साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन के लिंक रेक के विलंब से चलने की वजह से ट्रेन के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन आज अपने निर्धारित प्रस्थान समय शाम चार बजे के स्थान पर रात नौ बजे हटिया स्टेशन से खुलेगी।

****

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई के लगभग 8 एकड़ जमीन मामले में गिरफ्तार झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और इरसाद अख्तर को 12 दिनों की पूछताछ के बाद आज जेल भेज दिया गया।

****

पलामू जिले की पुलिस ने एक हथियार तस्कर समेत तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने पांच हथियार भी बरामद किया है। हथियार तस्करी का यह मामला बिहार के बक्सर से जुड़ा है। यह जानकारी पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने दी है।

******समाप्त******